# एथेनॉल की आपूर्ति रिकॉर्ड ऊंचाई को छुएगी : इस्मा

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के अनुसार पेट्रोल के साथ सम्मिश्रण के लिए तेल विपणन कंपनियों को एथेनॉल की आपूर्ति वर्ष 2017-18 में 71 प्रतिशत बढ़कर 113 करोड़ लीटर की रिकॉर्ड ऊंचाई को छुएगी और इससे चीनी मिलों को 4,500 करोड़ रुपये की आय होगी। इस्मा ने कहा कि वर्ष 2016-17 के सत्र (दिसंबर से नवंबर) में एथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम के लिए तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के द्वारा करीब 66 करोड़ लीटर एथेनॉल का उठाव किया गया। इस्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल में 10 प्रतिशत सम्मिश्रण करने के लिए 313 करोड़ लीटर एथेनॉल की आवश्यकता है। पांच प्रतिशत सम्मिश्रण करने के लिए 155 करोड़ लीटर की पेशकश पर्याप्त थी। इस्मा ने उम्मीद व्यक्त की कि तेल विपणन कंपनियां और अधिक मात्रा के लिए दूसरे दौर की निविदा जारी कर सकती हैं। *भाषा*

Business Standard (Hindi)
8/12/17